ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 11


## अयोध्या में रोज रामलला का सूर्य तिलक होगा:6 अप्रैल से शुरुआत; पिछले साल रामनवमी पर पहली बार हुआ था तिलक




अयोध्या के राम मंदिर में रामलला का अब रोज सूर्य तिलक होगा। हर दिन सूर्य तिलक की शुरुआत रामनवमी (6 अप्रैल) से होगी। मंदिर निर्माण समिति ने यह फैसला लिया है।

करीब 4 मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर पड़ेंगी। समिति अध्यक्ष और पूर्व IAS नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि हर दिन सूर्य तिलक की प्लानिंग अभी 20 साल के लिए की गई है।

बता दें कि पिछले साल रामनवमी (17 अप्रैल, 2024 ) के दिन रामलला का राजतिलक सूर्य की किरणों से किया गया था। राम मंदिर का शिखर बनकर तैयार होने वाला है। मंदिर की पहली मंजिल पर राम दरबार की स्थापना 15 मई तक हो जाएगी। हर दिन करीब 800 श्रद्धालु इसके दर्शन कर सकेंगे।

### IIT रुड़की ने तैयार किया है खास सिस्टम

सूर्य तिलक के लिए IIT रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक खास ऑप्टो मैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। इसमें मंदिर के सबसे ऊपरी तल (तीसरे तल) पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें पड़ेंगी। दर्पण से 90 डिग्री पर परावर्तित होकर ये किरणें एक पीतल के पाइप में जाएंगी। पाइप के छोर पर एक दूसरा दर्पण लगा है। इस दर्पण से सूर्य किरणें एक बार फिर से परावर्तित होंगी और पीतल की पाइप के साथ 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी।

दूसरी बार परावर्तित होने के बाद सूर्य किरणें लंबवत दिशा में नीचे की ओर चलेंगीं। किरणों के इस रास्ते में एक के बाद एक तीन लेंस पड़ेंगे, जिनसे इनकी तीव्रता और बढ़ जाएगी। इसके बाद लंबवत पाइप जाती है। लंबवत पाइप के दूसरे छोर पर एक और दर्पण लगा है। बढ़ी हुई तीव्रता के साथ किरणें इस दर्पण पर पड़ेंगी और दोबारा 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी। 90 डिग्री पर मुड़ी ये किरणें सीधे रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। इस तरह से राम लला का सूर्य तिलक पूरा होगा।

सूर्य किरणों का यह तिलक 75 मिमी के गोलाकार रूप में होगा। दोपहर 12 बजे सूर्य किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। करीब चार मिनट तक किरणें रामलला के मुख मंडल को प्रकाशमान करेंगी।

## दिल्ली में पहली बार 1 लाख करोड़ का बजट:यमुना के लिए 500 करोड़; CM बोलीं- AAP ने शीशमहल बनाए, हम गरीबों के घर बनाएंगे



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके जरिए दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। यमुना और सीवेज की सफाई के लिए 9 हजार करोड़ रुपए का बजट है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयुष्मान योजना के लिए 2144 हजार करोड़ का बजट रखा है। केंद्र सरकार से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज तो मिलेगा ही। साथ ही दिल्ली सरकार भी इसमें अपनी ओर से 5 लाख रुपए जोड़ रही है। यानी आयुष्मान योजना के तहत 10 लाख का इलाज मुफ्त मिलेगा।

रेखा गुप्ता ने कहा- AAP ने अपना शीश महल बनवाया, हम गरीबों के घर बनाएंगे। आपने लाखों रुपए के टॉयलेट बनवाए, हम झुग्गी वालों के लिए शौचालय बनवाएंगे।

उन्होंने कहा- केजरीवाल ने अपने फायदे के लिए आयुष्मान योजना दिल्ली में लागू नहीं होने दी। वे चाहते थे कि योजना में उनका भी नाम चलाया जाए, ताकि उनका प्रचार हो। उनकी जिद की वजह से दिल्ली वासियों को सालों तक योजना का लाभ नहीं मिला।

रेखा गुप्ता ने मातृत्व वंदन परियोजना के लिए 210 करोड़ रुपए का प्रावधान किया। योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को एकमुश्त 21 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली में महिला सुरक्षा के लिए 50 हजार अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे।

## जस्टिस वर्मा के घर 45 मिनट रुकी जांच टीम:उस स्टोर रूम में गई, जहां 500-500 के अधजले नोटों से भरी बोरियां मिली थीं



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली के 30, तुगलक क्रिसेंट स्थित आवास पर मंगलवार दोपहर CJI की गठित 3 सदस्यीय टीम (इन हाउस पैनल) जांच के लिए पहुंची। टीम उस स्टोर रूम में गई जहां 500-500 के नोटों से भरीं अधजली बोरियां मिली थीं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम जस्टिस वर्मा के घर 45 मिनट रुकी। जांच टीम में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जी एस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं।

इससे पहले 24 मार्च को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को उनके पैरेंट कोर्ट (इलाहाबाद हाईकोर्ट) वापस ट्रांसफर करने की सिफारिश का प्रस्ताव जारी किया था।

कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया कि 20 और 24 मार्च 2025 को हुई बैठकों में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेजने की सिफारिश की है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के इस फैसले पर आपत्ति जताई। बार आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

## वेनेजुएला से तेल खरीदने वालों पर 25% टैरिफ लगाएंगे ट्रम्प भारत भी ऐसे देशों में शामिल, 90% तेल रिलायंस खरीदती है



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ का ऐलान किया है। यह टैरिफ 2 अप्रैल से लागू होगा। ट्रम्प के मुताबिक इसका मकसद वेनेजुएला को सजा देना है।

ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला जानबूझकर और धोखे से अमेरिका में अपराधियों और हिंसक गैंग के सदस्यों को भेजता है, जिनमें ट्रेन डी अरागुआ जैसे आतंकी संगठन भी हैं। हम इन अपराधियों को वापस भेजेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले से भारत की रिलायंस जैसी कुछ कंपनियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारत, वेनेजुएला से जितना तेल आयात करती है, उसका लगभग 90% तेल रिलायंस खरीदती है।

### जनवरी 2024 में वेनेजुएला ने भारत को सबसे ज्यादा तेल बेचा

फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर 2023 में भारत ने वेनेजुएला से प्रतिदिन लगभग 1,91,600 बैरल कच्चा तेल आयात किया था। जनवरी 2024 में यह बढ़कर 2,54,000 बैरल प्रतिदिन हो गया था।

यह वेनेजुएला के कुल तेल निर्यात का 50% था, यानी कि वेनेजुएला ने जितना तेल बेचा था, उसका आधा हिस्सा भारत ने खरीदा था। हालांकि, बाद में इसमें कमी आई। सालभर में भारत ने वेनेजुएला से 22 मिलियन बैरल तेल खरीदा। यह भारत के कुल कच्चे तेल आयात का 1.5% था।

साल 2025 में भारत ने पड़ोसी देश से पिछले साल की तुलना में कम तेल खरीदा है। केप्लर के कमोडिटी मार्केट एनालिटिक्स के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जनवरी 2025 में लगभग 65,000 बैरल प्रति दिन और फरवरी 2025 में 93,000 बैरल प्रति दिन वेनेजुएला के कच्चे तेल का आयात किया।

## दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट की चेन्नई में क्यों हुई इमरजेंसी लैंडिंग?





24 न्यूज अपडेट

दिल्ली के डोमेस्टिक एयरपोर्ट से हर रोज भारत के विभिन्न हिस्सों के लिए 100 से अधिक उड़ानें संचालित हो रही हैं. इनमें कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट भी शामिल है, जिसने सोमवार दोपहर दिल्ली से 172 यात्रियों के साथ उड़ान भरी.

उड़ान भरने के बाद बीच हवा में उड़ते समय पायलट को एहसास हुआ कि विमान में ईंधन कम हो रहा है. इसको लेकर उसने हवाई अड्डे के कंट्रोल रूम को सूचित किया और कहा कि इससे विमान को बेंगलुरु में उतारने में समस्या होगी. इसके बाद कंट्रोल रूम के अधिकारियों ने तुरंत विमान को चेन्नई की ओर मोड़ने और वहां ईंधन भरने का आदेश दिया. इसके बाद पायलट ने विमान को कल दोपहर करीब 1 बजे चेन्नई एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार और उसमें ईंधन भरा, जिस समय एयर इंडिया के विमान में ईंधन भरा जा रहा था, उस समय सभी यात्री विमान में बैठे हुए थे. इसके बाद विमान दोपहर करीब 2 बजे चेन्नई एयरपोर्ट से रवाना हुआ. यह दोपहर करीब 3 बजे बेंगलुरु पहुंचा.वहीं, विमान के बेंगलुरु पहुंचने में देरी होने से यात्री नाराज हो गए. हालांकि, यात्रियों सहित सभी ने विमान में ईंधन कम होने का एहसास होने के बाद यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने के लिए पायलट की सराहना की.

## मधुमिता शुक्ला हत्याकांड: सुप्रीम कोर्ट ने अमरमणि त्रिपाठी और उसकी पत्नी की याचिका खारिज की



24 न्यूज अपडेट

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में पूर्व उत्तर प्रदेश मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि की समयपूर्व रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया. मधुमिता शुक्ला, जो उस समय गर्भवती थीं, की 9 मई 2003 को लखनऊ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की. पीठ ने कवि की बहन निधि शुक्ला को इस मामले में संबंधित उच्च न्यायालय में जाने का निर्देश दिया. पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से यह भी पूछा कि कौन से मौलिक अधिकार का उल्लंघन किया गया है, और कहा कि राज्य के फैसले को चुनौती देने का कोई ठोस आधार नहीं है, इसलिए याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया. अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि को उत्तर प्रदेश कारागार विभाग द्वारा 2018 की छूट नीति के अनुसार समयपूर्व रिहाई का आदेश दिया गया था, क्योंकि उन्होंने 16 साल की सजा पूरी कर ली थी.

यह मामला इसलिए भी खास है क्योंकि अमरमणि त्रिपाठी उस समय मंत्री थे और मधुमिता शुक्ला के साथ उनके संबंध बताए जाते हैं. त्रिपाठी को सितंबर 2003 में गिरफ्तार किया गया था और बाद में अक्टूबर 2007 में देहरादून की एक अदालत ने उन्हें और उनकी पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. नैनीताल उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय दोनों ने बाद में सजा को बरकरार रखा. इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने की थी.

## 1 मई से ATM से पैसा निकालना महंगा होगा:RBI ने फीस 2 बढ़ाई, फ्री लिमिट के बाद कैश निकालने पर अब 19 चार्ज देना होगा




24 न्यूज अपडेट

1 मई से ATM से पैसा निकालने पर अब आपको ज्यादा चार्ज देना होगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी RBI ने एक नोटिफिकेशन जारी कर इंटरचेंज फीस बढ़ाने का ऐलान किया है।

इसका मतलब यह है कि जो ग्राहक फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के लिए ATM पर निर्भर हैं, उन्हें अपनी फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट पार करने पर एडिशनल चार्ज देना होगा।

### ATM से कैश निकालने पर अब 19 चार्ज देना होगा

ऑफिशियल नोटिफिकेशन के अनुसार, 1 मई से ग्राहकों को फ्री लिमिट पूरी हो जाने के बाद ATM से हर फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के लिए एडिशनल 2 रुपए का भुगतान करना होगा। इस फीस हाइक की वजह से अब ATM से कैश निकालने के लिए हर ट्रांजैक्शन पर 19 रुपए चार्ज देना होगा, जो पहले 17 रुपए था।

### बैलेंस चेक करने के लिए अब 7 रुपए चार्ज लगेगा

वहीं नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन-जैसे कि बैलेंस इंक्वायरी के लिए फीस को 1 रुपए बढ़ाया गया है। यानी अकाउंट बैलेंस चेक करने के लिए हर ट्रांजैक्शन पर अब 7 रुपए चार्ज लगेगा, जो पहले 6 रुपए था।

## 50 हजार तक के लोन पर कोई चार्ज नहीं:इससे छोटे लोन लेने वालों को राहत मिलेगी; RBI की नई गाइडलाइन 1 अप्रैल से लागू होगी



24 न्यूज अपडेट

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने कहा है कि बैंक विशेष रूप से प्रायोरिटी सेक्टर बैंक (PSL) छोटे लोन पर कोई भी एक्सेस चार्ज नहीं लगा सकते हैं। RBI के मुताबिक, 50 हजार रुपए तक के प्रायोरिटी सेक्टर लोन पर कोई भी लोन संबंधी एडहॉक सर्विस चार्ज या इंस्पेक्शन चार्ज नहीं लगेगा।

इससे छोटे कर्ज लेने वाले लोग अनावश्यक वित्तीय बोझ से बचेंगे। RBI ने प्रायोरिटी सेक्टर (PSL) पर नए मास्टर डायरेक्शन जारी किए हैं। यह 2020 से चल रहे मौजूदा गाइडलाइन की जगह लेगा। नए गाइडलाइन 1 अप्रैल 2025 से लागू हो रहे हैं।

### प्रायोरिटी सेक्टर लेंडिंग क्या है?

प्रायोरिटी सेक्टर लेंडिंग (PSL) भारत में RBI की ओर से तय की गई एक रेगुलेटरी जरूरत है। इसके तहत बैंकों को अपने लोन का एक हिस्सा इकोनॉमी के कुछ स्पेशल सेक्टर को देना ही होता है। इन क्षेत्रों को इन्क्लूसिव ग्रोथ, गरीबी कम करने और डेवलपमेंट के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

लेकिन रिस्क या कम प्रॉफिटेबिलिटी के चलते बैंक ऐसा कम नहीं करते हैं। इस पॉलिसी से समाज के वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, जैसे कि किसान, छोटे व्यवसाय और कम आय वाले परिवारों को किफायती लोन मिल सके।

जो बैंक अपने निर्धारित PSL टारगेट को पूरा नहीं कर पाते उन्हें रुरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (RIDF) और नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट यानी NABARD की ओर से चलाए जा रहे फाइनेंशियल स्कीम्स पर खर्च करना होता है।

## आज सोने-चांदी के दाम में रही तेजी:सोना 32 रुपए बढ़कर 87,751 रुपए पर पहुंचा, चांदी 97,922 रुपए किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

सोने और चांदी के दाम में आज यानी 25 मार्च को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 32 रुपए बढ़कर 87,751 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 87,719 रुपए पर था। 20 मार्च को सोने ने 88,761 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

एक किलो चांदी की कीमत 515 रुपए बढ़कर 97,922 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 97,407 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने पिछले हफ्ते 17 मार्च को 1,00,400 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## संपादकीय : मणिपुर की आग

मणिपुर में जातीय संघर्ष को दो वर्ष होने आ रहे हैं, मगर अब भी वहां स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। हालांकि सरकार बार-बार दावा करती है कि वहां स्थिति जल्दी ही सामान्य हो जाएगी, पर इसका कोई संकेत नहीं दिखता। रविवार को इंफल पूर्वी जिले में फिर दो चरमपंथी गुटों में हिंसक झड़प हो गई, जिससे वातावरण तनावपूर्ण हो गया है। यह घटना ऐसे वक्त हुई जब वहां छह न्यायाधीशों की एक टीम स्थिति का आकलन करने पहुंची थी उस टीम में गए मैतेई समुदाय से संबंधित, यहां के उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश का इस बात पर दर्द भी छलक उठा कि वे कुकी बहुल इलाके में नहीं जा सकते। शुरू में राज्य सरकार की शिथिलता और रहस्यमय चुप्पी के चलते वहां जातीय संघर्ष बढ़ता गया और आज हालत यह है कि राज्य का प्रशासन भी मैतेई और कुकी समुदायों में स्पष्ट रूप से विभाजित हो चुका है। कुकी बहुल इलाकों में मैतेई समुदाय के सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारी तैनात नहीं किए जाते। यही हाल मैतेई बहुल इलाकों का है। लंबे समय तक राज्य सरकार की शिथिलता बनी रही और केंद्र सरकार ने भी अपेक्षित पहल नहीं की, तब सर्वोच्च न्यायालय ने मणिपुर की स्थिति पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच और निगरानी समितियां गठित कर दी, पर उसे भी काफी वक्त बीत जाने का बावजूद कोई उल्लेखनीय नतीजा सामने नहीं आ सका है। आखिरकार एक नाटकीय घटनाक्रम में यहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह किसी को कमान सौंपने के बजाय राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। तब माना गया कि केंद्र सरकार के हाथ में वहां की कमान आने के बाद कुछ कड़ाई होगी और चरमपंथी गुटों पर लगाम कसी जा सकेगी, जातीय संघर्ष कुछ थमेगा, पर वह उम्मीद भी धुंधलाने लगी है। मौका पाते ही दोनों समुदायों के चरमपंथी 'गुट रणनीति के तहत हिंसक हमले कर देते हैं। उन्होंने भारी मात्रा में आधुनिक हथियार और साजो-सामान जुटा रखे हैं। भौगोलिक रूप से मणिपुर की संरचना थोड़ी जटिल जरूर मानी जा सकती है, मगर चरमपंथी गुटों पर नजर रखना मुश्किल नहीं माना जा सकता। वहां बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं, पर उन इलाकों में भी हिंसक घटनाएं नहीं रुक पा रहीं, जिनमें टकराव की सबसे अधिक आशंका मानते हुए सबसे अधिक सुरक्षाबल तैनात हैं। वहां के चुराचांदपुर और विष्णुपुर जिलों को इसलिए संवेदनशील माना गया और उन दोनों के बीच 'बफर जोन' बना कर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए कि एक मैतेई बहुल है और दूसरा कुकी बहुल फिर भी इन्हीं जिलों में अधिक चरमपंथी हमलों की घटनाएं होती है। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि मणिपुर में समस्याएं संवैधानिक तरीके से हल की जा सकती है और अगर बातचीत की जाए, तो समाधान तक पहुंचा जा सकता है। यहां कोई भी संघर्ष नहीं चाहता, हर कोई शांति चाहता है। न्यायाधीश गवई वहां गए न्यायाधीशों की टीम के अगुआ हैं। पता नहीं, उनकी इस बात को केंद्र सरकार कितनी गंभीरता से लेगी। यह बात शुरू से रेखांकित की जाती रही है कि अगर दोनों समुदायों से बातचीत की जाए और उनमें फैली गलतफहमियों को दूर कर लिया जाए, तो मणिपुर में शांति बहाली आसानी से हो सकती है। मगर कभी संजीदगी से बातचीत की पहल नहीं की गई। जो प्रयास हुए भी, वे महज कागजी थे।

## मनमानी की हद

संघर्ष विराम तोड़ने के बाद इजराइल दुबारा मनमानी पर उतर आया है। उसने ताबड़तोड़ हवाई हमले कर गाजा को फिर से दहला दिया है। इसका खमियाजा उन हजारों फिलिस्तीनी नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है जो शरणार्थी शिविरों, अस्पतालों या धार्मिक स्थलों में शरण लिए हुए हैं। यह दुखद है कि प्रतिशोध की आग में जलता इजराइल, रिहाइशी इलाकों पर भी लगातार हमले कर रहा है, क्योंकि उसका कहना है कि हमास के आतंकवादी घनी आबादी में छिपे हुए हैं। हालांकि वह अच्छी तरह वाकिफ है कि युद्ध के भी कुछ नियम हैं। मगर वह इन्हें मानने को तैयार नहीं है। वह हमास के आतंकवादियों को मार गिराने के लिए लगातार इमारतों, अस्पतालों, विद्यालयों और शरणार्थी शिविरों को निशाना बना रहा है। बीते रविवार को दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला कर इजराइल ने स्पष्ट कर दिया कि उसे मानवता से कोई लेना-देना नहीं और न ही वह कोई नियम मानेगा हैरत की बात है कि इस मनमानी के खिलाफ दुनिया के ज्यादातर देश चुप हैं। अमेरिका ने उसे पहले ही छूट दे रखी है। नतीजा यह कि भोजन - पानी और दवाओं के अभाव में फिलिस्तीनी नागरिक रोज मर रहे हैं। गाजा इस समय अभूतपूर्व मानवीय संकट से गुजर रहा है। वहां कोई मानवीय सहायता भी नहीं पहुंच पा रही है। कई महीने से चल रहे इस युद्ध में अब तक एक लाख से अधिक नागरिक घायल हो चुके हैं। पचास हजार से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। हवाई हमले की चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे - महिलाएं और बुजुर्ग आए हैं। गौरतलब है कि पंद्रह हजार से ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी हैं। युद्ध की आग में तप रहे गाजा में जिस तरह मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, वह बेहद शर्मनाक है। मानवाधिकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले ज्यादातर बड़े देश चुप हैं, तो आखिर इसकी वजह क्या है और क्या उन्होंने इजराइल को मनमानी की अनुमति दे दी है ? क्षत-विक्षत हो रहे गाजा को पूरी दुनिया देख रही है। युद्ध हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। इजराइल आखिर कब तक मनमानी करता रहेगा ? प्रतिशोध की भी एक सीमा है।

# खाओ-खिलाओ संस्कृति जिंदाबादः महिला सहायक वनपाल गिरफ्तार, कल दो पकड़े थे, बिल पास करने की एवज में रिश्वत ली



**24 न्यूज़ अपडेट**

चित्तौड़गढ़ः भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई में कोटा एसीबी की स्पेशल टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार को वन विभाग के दो अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ने के बाद, मंगलवार को एक महिला सहायक वनपाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इस महिला अधिकारी का भी रिश्वत की इस गोरखधंधे में हिस्सा था, जिसे 2% कमीशन मिलना तय था।

### बिल पास करने के लिए चल रहा था खेल

सूत्रों के अनुसार, ठेकेदारों द्वारा किए गए कामों के भुगतान को पास करने के लिए वन विभाग के अधिकारी मोटी रकम की मांग कर रहे थे। चित्तौड़गढ़ मुख्यालय में तैनात बोराव रेंजर राजेंद्र चौधरी और लोटयाना नाका के सहायक वनपाल राजेंद्र मीणा को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद, महिला सहायक वनपाल पुष्पा राणावत की संलिप्तता भी सामने आई, जिसे टीम ने डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। रिश्वत का पैटर्नः अलग-अलग तरीके से ऐंठते थे पैसे जांच में सामने आया कि आरोपी अधिकारी अलग-अलग तरीकों से रिश्वत वसूलते थे। सरकारी नरेगा मजदूरों से गड्ढे खुदवाने के बजाय जेसीबी मशीन से खुदाई करवाई जाती और फिर उसका बिल ठेकेदारों से वसूला जाता था। इतना ही नहीं, आरोपी अधिकारियों ने खुद की फर्जी फर्म बना रखी थी, जिससे वे सरकारी टेंडर भी हथिया लेते और फिर असली ठेकेदारों को काम देकर उनसे रिश्वत ऐंठते थे।

### मजदूरों की शिकायत से खुली पोल

ठेकेदारों के बिल पास न होने की वजह से मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल रही थी, जिससे परेशान होकर उन्होंने जिला कलेक्टर से शिकायत की। मामले की जांच में सामने आया कि कुल 21 लाख के बिल पास करने के बदले रेंजर 20% (यानी 4.20 लाख) और सहायक वनपाल 2% (यानी 14-14 हजार) की रिश्वत मांग रहे थे।

### रंगे हाथों दबोचे गए अधिकारी

शिकायत के बाद एसीबी ने पहले सत्यापन करवाया, जिसमें सहायक वनपाल राजेंद्र मीणा ने 50 हजार रुपए ले लिए। इसके बाद, एसीबी ने सोमवार को रेंजर और सहायक वनपाल को 78 हजार कैश और 1.20 लाख के सेल्फ चेक के साथ दबोच लिया। मंगलवार को महिला अधिकारी पुष्पा राणावत की गिरफ्तारी के साथ ही पूरा मामला खुलकर सामने आ गया।

### आगे की कार्रवाई

तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 8 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसीबी की टीम अब इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है, ताकि इस भ्रष्टाचार के जाल को पूरी तरह से खत्म किया जा सके।

## मिराज ग्रुप के सीएमडी मदनलाल पालीवाल को मिली सशर्त जमानत, 2,000 करोड़ की जीएसटी चोरी का मामला, बिना अनुमति देश छोड़ने पर रोक



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, मिराज ग्रुप के सीएमडी मदनलाल पालीवाल और प्रकाशचंद्र पुरोहित को 2,000 करोड़ की जीएसटी चोरी से जुड़े मामले में आर्थिक अपराध मामलों की एसीजेएम कोर्ट ने सशर्त जमानत दी है। अदालत ने दोनों को बिना अनुमति देश न छोड़ने और जांच में पूरा सहयोग करने का निर्देश दिया है।
**मामले का घटनाक्रम 3 अगस्त 2024:** विशेष आर्थिक अपराध न्यायालय ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किए। सैशन कोर्ट का निर्णयः अदालत ने गिरफ्तारी वारंट को जमानती वारंट में बदलने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट अपीलः आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जहां तर्क दिया गया कि सीधे गैर-जमानती वारंट जारी करना अनुचित है। हाईकोर्ट का आदेशः अदालत ने गैर-जमानती वारंट को जमानती वारंट में बदलते हुए, सुनवाई में सहयोग की शर्त पर राहत दी।

### नियमित जमानत की प्रक्रिया

हाईकोर्ट के निर्देशानुसार, मदनलाल पालीवाल और प्रकाशचंद्र पुरोहित ने अदालत में पेश होकर नियमित जमानत याचिका दायर की। हालांकि, जीएसटी इंटेलिजेंस विभाग ने इसका कड़ा विरोध किया और आरोप लगाया कि मिराज ग्रुप ने फर्जी कंपनियों के नाम पर पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति दिखाकर कर चोरी की। अब, अदालत के निर्देशानुसार, दोनों आरोपी आगे की सुनवाई में सहयोग करेंगे और बिना अनुमति देश नहीं छोड़ सकेंगे।

## मेवाड़-वागड़ के कांग्रेस संगठन को संभालेंगे दो MLA:घनश्याम मेहर को संभाग तो इंदिरा मीणा को शहर-देहात का प्रभारी बनाया



**24 न्यूज़ अपडेट**


प्रदेश कांग्रेस कमेटी (PCC) ने संगठन की मजबूती के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में संभाग और जिलों के नए प्रभारी लगाए हैं। इसमें उदयपुर संभाग और उदयपुर जिले की संगठन गतिविधियों को संभालने के लिए दो विधायकों को जिम्मा दिया है। दोनों यहां प्रभारी होंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जारी की सूची में उदयपुर संभाग के प्रभारी के रूप में टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर को दायित्व सौंपा है। इसी प्रकार बामनवास विधायक इंदिरा मीणा को उदयपुर शहर व उदयपुर देहात कांग्रेस की प्रभारी बनाया है।

### नगर निगम चुनाव को लेकर बदल रही रणनीति

यहां दो विधायकों को संगठन का जिम्मा देने के बाद कांग्रेस में इस बात को लेकर चर्चा है कि पीसीसी का उदयपुर को लेकर विशेष फोकस है। इस बार नगर निगम उदयपुर के चुनाव को लेकर पार्टी पूरी रणनीति ही बदल रही है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया- विधायकों को यहां का प्रभारी बनने से लगता है कि संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भरा जाएगा और उनकी समस्याओं को लेकर सुना जाएगा और समाधान का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बरसों से यहां भाजपा का नगर निगम बोर्ड बनते आ रहा है और कांग्रेस इस बार अपना बोर्ड बनाने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। जब भी नगर निगम चुनाव का कार्यक्रम घोषित हो लेकिन कांग्रेस इसके लिए अभी से संगठन की टीम में उत्साह भर रही है।
पिछले दिनों पीसीसी चीफ डोटासरा भी यहां कार्यकर्ताओं में जोश भरकर गए है। पिछले सप्ताह ही उदयपुर विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी डिंपल कुंवर राठौड़ ने भी उदयपुर शहर के दोनों ब्लॉक की बैठक में साफ शब्दों में कह दिया था कि संगठन में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता मिलेगी, केवल खानापूर्ति से काम नहीं चलने वाला है। इसी तरह उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाली सलूंबर, मावली, वल्लभनगर, उदयपुर ग्रामीण एवं झाडोल विधानसभा में भी विधानसभा प्रभारियों ने बैठक कर ब्लॉक और मंडल कांग्रेस की गतिविधियों में ओर तेजी लाने की बात कही है।

## महाराजा डॉ. कर्णसिंह कल उदयपुर में, विभिन्न समारोहों में करेंगे शिरकत, विद्यापीठ के सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन भवन के जीर्णोद्धार का करेंगे लोकार्पण





**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। पद्म विभूषण से सम्मानित महाराजा डॉ. कर्णसिंह दोपहर 2.45 बजे नई दिल्ली से उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि डॉ. कर्णसिंह दो दिन तक उदयपुर में रहेंगे, जहां वे शहर के विभिन्न समारोहों में शिरकत करेंगे। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि सिंह एयरपोर्ट से सीधे डबोक विद्यापीठ परिसर में पहुंचेंगे, जहां सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन भवन के जीर्णोद्वार का लोकार्पण करेंगे। अध्यक्षता कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर करेंगे। मंगलवार को प्रो. सारंगदेवोत ने समारोह से सम्बंधित तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। समारोह में विद्यापीठ कार्यकर्ताओं के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। गुरूवार को डॉ. कर्णसिंह प्रातः 10 बजे भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे जहॉं पीएचडी उपाधिधारकों को उपाधि एवं उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजेंगें। डॉ. सिंह शुक्रवार दोपहर 3.20 बजे वायुयान से पुनः दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

## चोरी करने घुसे 2-नाबालिग ने बच्ची को मारा था:चिल्लाने पर मुंह में कपड़ा ठूंसकर गला काटा था, पड़ोस के रहने वाले हैं आरोपी



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। बांसवाड़ा में 2 नाबालिगों ने 12 साल की बच्ची का गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने 36 घंटे बाद दोनों को डिटेन किया। दोनों आरोपी पड़ोस के रहने वाले हैं। पुलिस ने खुलासा किया कि पालोदा कस्बे में दोनों रकम चुराने के मकसद से पीछे के रास्ते से मकान में घुसे थे। आरोपी पहली मंजिल पर पहुंचे और काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। जब वे नीचे उतरने लगे तो जाह्नवी बाथरूम से निकली और चिल्लाई। एक आरोपी ने उसका गला दबाया और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। दूसरे ने तेज धारदार हथियार से गला काट दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि हत्या के बाद दोनों आरोपी भीड़ में शामिल होकर अपनी ही की गई हत्या का विरोध करने लगे।

### चोरी की नीयत से घर में घुसे थे दोनों

एसपी हर्षवर्धन अगरवाला ने बताया- जाह्नवी के पिता लालजी पाटीदार 18 अप्रैल को 5 साल के बेटे का मुंडन संस्कार करने वाले थे। वारदात से एक दिन पहले शनिवार (22 मार्च) को लालजी ने गांव के लोगों को इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा था कि खर्च की रकम जमा कर ली गई है।

### बक्से को खंगाला लेकिन कुछ नहीं मिला

उस वक्त दोनों आरोपी भी वहीं थे। उन्होंने चोरी का प्लान बनाया। रविवार सुबह (24 मार्च) जब परिवार खेत में गया तब दोनों मेन गेट से घर में घुस गए। सीढ़ियों से वे पहली मंजिल पर गए। वहां उन्होंने एक बक्से को खंगाला लेकिन कुछ नहीं मिला। फिर वे सीढ़ियों से ऊपर के पोर्शन में गए।

### दोनों को देख वह चिल्लाने लगी

इस दौरान बाथरूम से जाह्नवी बाहर आई तो दोनों को देख वह चिल्लाने लगी। दोनों घबरा गए। उन्होंने जाह्नवी का मुंह दबाया और किचन में ले गए। वहां एक ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा और दूसरे ने धारदार हथियार से गला काट दिया। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए।

### पब्लिक में शामिल होकर नारेबाजी करने लगे

एसपी हर्षवर्धन अगरवाला ने बताया- वारदात करने के बाद दोनों आरोपी आसपास ही घूमते रहे। पब्लिक में शामिल होकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। आरोपियों की ओर से घर से अफीम चुराने की बात भी आ रही है। घर की बड़ी बेटी का मोबाइल भी गायब है। उसके बारे में भी इन्होंने चोरी करना कबूल किया है। एसपी हर्षवर्धन अगरवाला ने बताया- पुलिस ने वारदात के 36 घंटे बाद खुलासा कर 2 नाबालिगों को निरुद्ध किया है।

## सांसद रावत की मांग पर बांद्रा टर्मिनस उदयपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस अब वाया अहमदाबाद, उदयपुर, मावली प्रतिदिन चलेगी



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। ट्रेन संख्या 22901 बांद्रा टर्मिनस उदयपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस जो वर्तमान में सप्ताह में 3 दिन वाया चित्तौडगड संचालित है इसका मार्ग अब जल्द ही परिवर्तित कर वाया अहमदाबाद, उदयपुर, मावली तथा चित्तौड़गढ़ होगा तथा यह ट्रेन प्रतिदिन संचालित की जाएगी। सांसद मन्नालाल रावत द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे गए पत्र के बाद रेल मंत्री ने इस संबंध में निदेशालय को निर्देश जारी कर दिए हैं। रेल मंत्री ने अपने प्रत्युत्तर में बताया कि सांसद रावत द्वारा की गई अन्य मांगों के मामले में भी विस्तृत जांच के लिए संबंधित निदेशालय को निर्देश दिया गया है। उदयपुर (दक्षिण राजस्थान) से गुजरात एवं महाराष्ट्र राज्य के लिए सीधी रेल परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने पिछले दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा था। सांसद ने ट्रेन संख्या 22901 जो वर्तमान में सप्ताह में 3 दिन बांद्रा से उदयपुर वाया चित्तौड़गढ़ संचालित है, उसका मार्ग परिवर्तित कर वाया अहमदाबाद, उदयपुर, मावली, चित्तौड़गढ़ करते हुए प्रतिदिन संचालित किया जाने की आवश्यकता जताई थी ताकि यात्रियों के समय की बचत हो सकेगी। रेल मंत्री ने इस मांग को स्वीकार करते हुए निदेशालय को निर्देश जारी किए हैं। सांसद श्री रावत ने इसके साथ ही पत्र में बताया कि दादर (पश्चिम) स्टेशन जो पूरे मुम्बई के केन्द्र बिन्दु पर स्थापित है, वहां से चित्तौड़गढ़ वाया उदयपुर नई ट्रेन चलाने की मांग की है जिससे मुम्बई में बसे राजस्थानी प्रवासियों को इसका सीधा लाभ मिल सके। गुजरात मेल ट्रेन संख्या 12901 (दादर से अहमदाबाद) को अहमदाबाद के आगे उदयपुर तथा चित्तौड़गढ़ तक विस्तार करने की भी मांग की है, क्योंकि यह ट्रेन 17 घन्टे से अधिक समय तक अहमदाबाद स्टेशन पर खड़ी रहती है। सांसद श्री रावत ने लोकशक्ति एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 22927 (बांद्रा टर्मिनस से अहमदाबाद) को अहमदाबाद के आगे उदयपुर तथा चित्तौड़गढ़ तक विस्तार करने का सुझाव दिया है। यह ट्रेन भी 16 घन्टे से अधिक समय तक अहमदाबाद स्टेशन पर खड़ी रहती है। उदयपुर असरवा ट्रेन संख्या 20987/20988 में यात्रियों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कोच (जनरल कोच, स्लीपर क्लास कोच एवं 3 टीयर एसी कोच) लगाये जाने का भी सुझाव दिया है। साथ ही उदयपुर से अहमदाबाद प्रस्तावित वन्देभारत ट्रेन को उदयपुर से सूरत तक बढाने का आग्रह किया है।

# जयपुर से डिमांड पर चुराई जा रही थी पिकअप:वर्कशॉप को बना रखा था कटिंग हब, कई पार्टस में बटी मिलीं 3 पिकअप



24न्यूजअपडेट

जयपुर पुलिस ने पिकअप चोरी के मामले में सरगना सहित चार बदमाशों को अरेस्ट किया है। सरगना डिमांड पर पिकअप चोरी कर बेचता था। शाहपुरा की वर्कशॉप में पिकअप के पार्टस करने के लिए कटिंग हब बना रखा था। हरमाड़ा थाना पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई तीन पिकअप के पार्टस, इंजन-चैसिस और बॉडी बरामद की है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार बुडानिया ने बताया- चोरी में सरगना सुनील कुमार सैनी (35) पुत्र गोकुल चन्द निवासी सुलताना झुंझुनूं हाल सुदामापुरी कॉलोनी हरमाड़ा, लालराम सैनी (35) पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी पावटा रोड विराट नगर हाल बस स्टैण्ड विराट नगर, ओमप्रकाश कुमावत (45) पुत्र गणेश कुमावत निवासी गांव खोरी शाहपुरा हाल संचालक कुमावत डीजल वर्कशॉप शाहपुरा और संजय जांगिड़ उर्फ संजू जांगिड़ (31) पुत्र राजेश कुमार जांगिड़ निवासी अजीतगढ़ सीकर हाल श्रीराम वाटिका शाहपुरा हाल संचालक श्री विश्वकर्मा मोटर बॉडी वर्कशॉप शाहपुरा को अरेस्ट किया गया है।

### सरगना बचपन से चोरी कर रहा

सरगना सुनील कुमार के खिलाफ 29 प्रकरण दर्ज है। विश्वकर्मा एरिया में मजदूरी करने वाला सुनील बचपन से ही चोरी करता आ रहा है। विराट नगर और शाहपुरा के मोटर गैराज मालिकों की डिमांड पर रैकी कर पिकअप चोरी करता। टोल प्लाजा से बचते हुए कच्चे रास्तों से पिकअप को गैराजों में पहुंचकर बेच देता था।

### दबिश देकर साथी व खरीदार पकड़े

16 मार्च को हरमाड़ा इलाके में घर के बाहर खड़ी पिकअप चोरी हो गई। पुलिस ने CCTV फुटेज के आधार पर चोरी गई पिकअप का पीछा शुरू किया। पीछा करते हुए पुलिस टीम जाटावली इंडस्ट्रीज एरिया पहुंची। वहां लोकल मुखबिर से सूचना प्राप्त करने पर पिकअप चोरी में सक्रिय चालानशुदा बदमाश सुनील कुमार का पता चला। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सुनील को पकड़ा।

पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर पिकअप चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। इसके साथ ही एक पिकअप सहित उसमें रखी 30 आटा चक्की को भी चोरी करना कबूला। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी के साथी लालराम सैनी को भी धर-दबोचा। चोरी गए वाहनों के बारे में पूछताछ में शाहपुरा में गैराज मालिकों को बेचने का पता चला। पुलिस ने दोनों गैराज पर दबिश देकर उनके मालिकों को पकड़ा। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गई 3 पिकअप के पार्टस, इंजन, चैचिस, बॉडी बरामद की।

# जैसलमेर जिले की जिला स्पेशल टीम की बड़ी कार्रवाई : डकैती की वारदात में वांछित तीन शातिर मुल्जिमों को लगातार मॉनिटर कर पीछा कर पकड़ा



24 न्यूज अपडेट

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बुधवार को बालोतरा जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दूदवा उपतहसील में सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ट्रैप करने की कार्रवाई को अंजाम दिया. फिलहाल, एसीबी टीम इस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर रही है. दरअसल, बाड़मेर एसीबी की टीम को सूचना मिली थी कि बालोतरा जिले के दूदवा के उपतहसील के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आशीष रंजन विश्वास होली के अवकाश के चलते उपतहसील दूदवा क्षेत्र के स्टाम्प वेंडर एवं डीड राइटर तथा अन्य पंजीयन दलालों से कार्यालय में गत दिनों में रजिस्टर्ड/पंजीबद्ध दस्तावेजों की कीमत के एक प्रतिशत की दर से बनने वाली कमीशन (रिश्वत) राशि संकलित कर रहा है. सूत्रों ने एसीबी को बताया कि विश्वास इस राशि को अपने एक विश्वस्त साथी के जरिए कार्यालय से अपने गंतव्य स्थान या किसी अन्य गोपनीय स्थान पर भेजते थे. विश्वास प्रतिदिन जोधपुर आते-जाते हैं, लेकिन अवैध वसूली की राशि स्वयं नहीं ले जाते थे. इस सूचना के आधार पर बाड़मेर एसीबी की टीम ने बुधवार को बालोतरा के दूदवा में उपतहसील के सहायक प्रशानिक अधिकारी आशीष रंजन विश्वास के कार्यालय और निजी गाड़ी की तलाशी लेकर 2.29 लाख रुपये बरामद किए.

बाड़मेर एसीबी के एएसपी नरेंद्र कुमार ने अनुसार दूदवा उपतहसील के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आशीष रंजन विश्वास के पास बड़ी रकम होने की सूचना मिली थी. इस पर एसीबी की ओर से दूदवा उपतहसील के सहायक प्रशासनिक अधिकारी के कमरे की तलाशी ली गई. इस दौरान 2.29 लाख रुपये बरामद किए गए हैं. बरामद किए रुपये को लेकर पूछताछ की गई तो उनसे संतोषजनक जवाब नहीं मिला. जिसके बाद टीम ने उन रुपयों को जब्त कर लिया गया. फिलहाल, एसीबी की टीम अधिकारी से पूछताछ करने के साथ अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी है.

# जोधपुर में NEET स्टूडेंट फंदे पर लटका:हॉस्टल के कमरे में शव मिला, सुसाइड नोट में लिखा- सॉरी, मुझे माफ कर देना





24 न्यूज अपडेट

जोधपुर में 19 साल के NEET स्टूडेंट ने सोमवार दोपहर में सुसाइड कर लिया। हॉस्टल में फंदे पर लटका हुआ शव मिला है। कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है- सॉरी मुझे माफ कर देना चिन्नू। इसकी पड़ताल में पुलिस जुट गई है कि आखिर उसने किससे माफी मांगी है।

रोहित भाटी उर्फ चिन्नू (19) चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, सेक्टर-17 स्थित दीक्षा क्लासेस के हॉस्टल में रहता था। वह एक साल पहले ही जोधपुर आया था। वह मूल रूप से ब्यावर के रास का रहने वाला था। हॉस्टल मालिक ने ही सबसे पहले उसे फंदे पर लटका हुआ देखा था और पुलिस को सूचना दी थी। रोहित के पिता मोहनलाल माली और अन्य परिवार वाले जोधपुर पहुंच गए थे। एम्स में पोस्टमॉर्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिवार वालों को सौंप दिया। उधर, रोहित के मोबाइल की सीडीआर निकालने की तैयारी में है। पुलिस का मानना है कि इसके बाद ही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# REET-2024 की आंसर-की जारी: 31 मार्च तक दर्ज कर सकते हैं आपत्ति




24 न्यूज अपडेट

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET)-2024 की आंसर-की जारी कर दी है। कैंडिडेट्स 31 मार्च तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि बोर्ड ने 19 मार्च की रात को ही पेपर वेबसाइट पर अपलोड कर दिए थे। अब अभ्यर्थी उत्तर कुंजी का अवलोकन कर सकते हैं और यदि किसी उत्तर पर आपत्ति हो, तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। 27 और 28 फरवरी को तीन पारियों में आयोजित इस परीक्षा में कुल 13,77,256 कैंडिडेट्स शामिल हुए थे, जबकि 15,44,518 आवेदन प्राप्त हुए थे। बोर्ड सभी आपत्तियों की समीक्षा के बाद अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम जारी करेगा।

### कैसे करें आपत्ति दर्ज?

आधिकारिक वेबसाइट reet2024.co.in पर जाएं।
“Answer Key Objection” लिंक पर क्लिक करें।
अपना रोल नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करें।
जिस प्रश्न पर आपत्ति हो, उसका प्रमाण संलग्न करें।
प्रति प्रश्न 300 रुपये शुल्क का भुगतान करें और फॉर्म सबमिट करें।
बोर्ड आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद अंतिम उत्तर कुंजी और REET-2024 का रिजल्ट जारी करेगा।

# जनजाति क्षेत्र में शिक्षा का विकास ही परम लक्ष्य है - सज्जन सिंह यादव



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के अंतर्गत संचालित वनांचल शिक्षा समिति के प्रांतीय समिति के चुनाव पर यह बात नवनिर्वाचित सचिव पूर्व शिक्षाविद श्री सज्जन सिंह यादव ने कहीं, उन्होंने बताया कि वनांचल शिक्षा समिति राजस्थान के जनजाति क्षेत्र में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का संचालन कर रहा है। जो जनजाति क्षेत्र में शिक्षा एवं संस्कार के माध्यम से बालकों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को लकेर कार्य कर रहा है। चुनाव अधिकारी श्री शांतिलाल शर्मा के निदेर्शन में नवीन काय र्कारिणी का गठन हुआ जिसमे अध्यक्ष जगदीश रावल,

उपाध्यक्ष कुबेरचंद मोहनलाल जैन एवं रजनी पी रावत, सचिव सज्जन सिंह सहसचिव कुंज बिहारी शर्मा, नरेश खेर एवं कल्पना, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार बम एवं सदस्य के रूप में श्री जगदीश प्रसाद जी जोशी, श्री गोपालसिंह जी राठौड़, श्री जग्गाराम जी, श्री कृष्ण कुमार त्रिवेदी, डॉ. भुवनेश जी, और डॉ. नरेन्द्र जी जोशी रहेंगे।

चुनाव बैठक में कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री विपुल भाई, प्रांत संगठन मंत्री जगदीश जी कुलमी महामंत्री वीरेंद्र पंचोली एवं परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व पचे टीसी डामोर रहे।

# चित्तौड़गढ़ जिले में थाना पारसोली पुलिस की कार्रवाई : बाईक सवार से 2 किलो 120 ग्राम अवैध अफीम जब्त, एक गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 25 मार्च। चित्तौड़गढ़ जिले की थाना पारसोली पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध धरपकड़ कार्रवाई जारी रखते हुए सोमवार को बाईक सवार आरोपी बनवारी लाल धाकड़ पुत्र किशन लाल (40) निवासी गोपालपुरा थाना बेंगू के कब्जे से 2 किलो 120 ग्राम अफीम जब्त कर गिरफ्तार किया है।

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध रुप से मादक पदार्थों का परिवहन करने वाले तस्करों पर प्रभावी कार्रवाई के मध्यनजर एएसपी रावतभाटा भगवत सिंह व डीएसपी बेगूं अंजलि सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी पारसोली प्रेम सिंह के नेतृत्व में एएसआई भैरुलाल, कांस्टेबल मनोज, प्रितम, दिनेश, शीश राम व रतन सिंह द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 चितौडगढ-कोटा फॉरलेन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पारसोली के सामने नाकाबंदी की जा रही थी।

नाकाबंदी के दौरान बिछोर की तरफ से आई एक बाईक को रुकवाकर चैक किया तो मोटर साईकिल के साईड में लगे बैग के अन्दर एक प्लास्टिक की थैली में कुल 2 किलो 120 ग्राम अवैध अफीम पायी गई। उक्त अवैध अफीम व बाईक को जब्त कर आरोपी बनवारी लाल धाकड को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण का अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# जैसलमेर में थाना भणियाणा पुलिस की कार्रवाई : करीब 20 लाख रुपये कीमत की 102 ग्राम सहित एक आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 25 मार्च। जैसलमेर जिले कि थाना भणियाणा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर 102 ग्राम स्मैक सहित एक आरोपी रईस खान पुत्र नगे खान (28) निवासी भोजराज सिंह की ढाणी जालोड़ा पोकरणा थाना भणियाणा को गिरफ्तार किया है। जब्त स्मैक की कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है।

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार के निर्देशन व सीओ भवानी सिंह के सुपरविजन में समस्त थानाधिकारियों को अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

इसी क्रम में एसएचओ भणियाणा देवा राम मय जाब्ता द्वारा सोमवार को स सूचना संकलन एवं तकनीकी आधार पर आरोपी रईस खां को मादक पदार्थ 102 ग्राम स्मैक सहित गिरफतार किया गया, जिससे अवैध मादक पदार्थ के संबंध में विस्तृत पूछताछ व प्रकरण में अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल जयराम की विशेष भूमिका रही।

आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ देवाराम सहित कांस्टेबल जयराम, बनवारी लाल, आईदान राम, दिनेश कुमार, भैराराम, बाबू सिंह, महिला कांस्टेबल अणसी शामिल थी।

# पच्चीस हजार रूपये का ईनामी गिरफ्तार : तस्करी, गम्भीर मारपीट, राजकार्य में बाधा के तीन प्रकरणों में था वांछित



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 25 मार्च। बाड़मेर डीएसटी एवं थाना शिव पुलिस ने थाना रीको व शिव के मादक पदार्थ तस्करी, गंभीर मारपीट एवं राजकार्य में बाधा के तीन मामलों में करीब 1 साल से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर मुन्ना उर्फ सरूपाराम पुत्र रणछा राम जाट निवासी काश्मीर थाना शिव को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी वृत स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में शामिल है और इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया हुआ है।

एसपी नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि वाछित ईनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज के निर्देशानुसार चलाये जा रहे विशेष अभियान में कार्रवाई करने दिशा निर्देश जारी किए गए है। हिस्ट्रीशीटर बदमाश मुन्ना उर्फ सरूपा राम थाना शिव के मादक पदार्थ तस्करी व गम्भीर मारपीट के दो प्रकरण एव थाना रीको के एससी/एसटी मय राजकार्य के प्रकरण में लम्बे समय से फरार चल रहा था।

काफी प्रयासों के बाद भी गिरफ्तार नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से इस पर 25 हजार रूपये के ईनाम की घोषणा कर वृत स्तर के टॉप-10 वान्टेड में चिन्हित किया गया। डीएसटी प्रभारी सुमेर सिंह मय टीम व थाना शिव की टीम द्वारा आसूचना संकलन, तकनीकी सहयोग व मुखबिर की सूचना पर ईनामी अपराधी मुन्ना उर्फ सरूपा को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई।

गिरफ्तार आरोपी मुन्ना थाना शिव का हिस्ट्रीशीटर तथा आले दर्जे का बदमाश व तस्कर है, जिसके विरूद्व थाना शिव पर 4 प्रकरण, कोतवाली, धोरीमन्ना, नागाणा, रीको पर 1-1, पुलिस थाना गिडा जिला बालोतरा में 1, गुजरात राज्य में 2 तथा मध्यप्रदेश मे 1 प्रकरण दर्ज है। आरोपी की गिरफ्तारी में डीएसटी के कांस्टेबल माला राम की विशेष भूमिका रही है।

इस कार्रवाई में डीएसटी से प्रभारी सुमरे सिंह राठौड़, हैड कांस्टेबल प्रेमा राम, कांस्टेबल नीम्ब सिंह, माला राम, हनुमान राम, संदीप कमाण्डो, पीर मोहम्मद, पुलिस चौकी भीयाड़ पुलिस थाना शिव के एसआई जालाराम व कांस्टेबल सरदारा राम शामिल थे।

# 10 हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार : मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण में 2 साल से था फरार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 25 मार्च। बाड़मेर जिले की थाना गुड़ामालानी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में 2 साल से फरार चल रहे आरोपी सीताराम उर्फ ओमप्रकाश विश्नोई पुत्र रामकिशन निवासी विश्नोईयों की ढाणी भाणिया थाना शिवपुरा जिला पाली को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपित की गिरफ्तारी पर जिला पुलिस द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित है।

एसपी नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि वाछित ईनामी अपराधियो की धरपकड़ के लिए महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर रेंज के निर्देशानुसार चलाये जा रहे विशेष अभियान मे कार्रवाई करने दिशा निर्देश जारी किए गए। थाना गुड़ामालानी के मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण में सप्लायर सीताराम उर्फ ओमप्रकाश विश्नोई लम्बे समय से फरार चल रहा था।

काफी प्रयासों के बाद भी गिरफ्तार नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक बाड़मेर कार्यालय से आरोपी पर 10 हजार रूपये के ईनाम की घोषणा की गई। एसएचओ देवी चन्द ढाका मय टीम द्वारा आसूचना संकलन करते हुए आरोपी के छुपने के स्थानो की जानकारी कर तकनीकी सहयोग से ईनामी अपराधी सीताराम उर्फ ओमप्रकाश को गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई।

इस कार्रवाई में एसएचओ देवी चन्द ढाका सहित हेड कांस्टेबल वीरम खान, कांस्टेबल चेतन राम, छता राम, शैतान सिंह, महिला कांस्टेबल जमना एवं कांस्टेबल चालक भंवरा राम शामिल थे।



# चित्तौड़गढ़ के कण-कण में वीरता की गाथाएं राणा सांगा का जीवन स्वतंत्रता, साहस और बलिदान का प्रतीक -मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा







**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वीर-वीरांगनाओं का बलिदान हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता और सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ की धरती शक्ति, भक्ति, त्याग और तपस्या की तपोभूमि है। यहां कण-कण में वीरता की गाथाएं, पत्थर-पत्थर में इतिहास और कंकर-कंकर में बलिदान की प्रचंड आग धधक रही है।

श्री शर्मा मंगलवार को चित्तौड़गढ़ में जौहर स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम यहां केवल श्रद्धांजलि देने नहीं आए हैं, बल्कि शौर्य और त्याग की भावना को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ दुर्ग राष्ट्रीय अस्मिता और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। यह वह पवित्र भूमि है जहां क्षत्रिय वीर मर मिटने का अपना सौभाग्य मानते थे। मेवाड़ के राज्य चिन्ह में भी आदिवासी प्रतिनिधि का चित्र सामाजिक समरसता को दर्शाता है।

## राणा सांगा थे वीर योद्धा, मातृभूमि की रक्षा के लिए दी प्राणों की आहुति

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया मेवाड़ के वीरों से प्रेरणा लेती है लेकिन इस देश में कुछ ऐसे अराजक तत्व हैं जो अपने वीरों पर अंगुली उठाते हैं। वे भूल जाते हैं कि सूर्य को कलंकित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि राणा सांगा एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने अपनी मातृभूमि और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। राणा सांगा का जीवन स्वतंत्रता, साहस और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने न केवल मेवाड़ की रक्षा की, बल्कि समस्त भारतवर्ष की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अराजक तत्वों द्वारा दिए गए बयान न केवल राणा सांगा का अपमान है, बल्कि उन सभी योद्धाओं का अपमान है, जिन्होंने सनातन धर्म और इस धरती की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे लोगों को अपनी मानसिकता के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। ऐतिहासिक वैभव को संरक्षित करने का काम कर रही राज्य सरकारकृ शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के ऐतिहासिक वैभव को संरक्षित करने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ संग्रहालय के उन्नयन के साथ महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को भी धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीतामाता अभयारण्य, ऋषभदेव, गौतमेश्वर मंदिर, मातृ कुण्डिया सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों को शामिल करते हुए 100 करोड़ रुपये व्यय कर ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जा रहा है। साथ ही, चित्तौड़गढ़ में संचालित लाईट एंड साउण्ड शो का उन्नयन, छतरंग मोरी-चित्तौड़गढ़ में रोपवे सुविधा देना, 7100 करोड़ रूपये की लागत से चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा के बांधों को भरने सम्बन्धी कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जौहर साका स्मारिका का विमोचन तथा प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले उन्होंने किले पर स्थित कालिका माता मंदिर में दर्शन भी किए। समारोह में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम दक, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, विधायक श्री श्रीचंद कृपलानी, श्री सुरेंद्र सिंह राठौड़, श्री चंद्रभान सिंह आक्या, श्री अर्जुन जीनगर, श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज, जौहर स्मृति संस्थान अध्यक्ष श्री रावत नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने स्व. मेवाड़ को अर्पित किए श्रद्धासुमन परिवार को बंधाया ढांढस



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 25 मार्च। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा मंगलवार सुबह उदयपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सिटी पैलेस स्थित शंभु निवास पहुंच कर पूर्व राज परिवार के दिवंगत सदस्य स्व. अरविन्दसिंह मेवाड़ को श्रद्धासुमन अर्पित कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे राजकीय विमान से डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचे। वहां जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से उदयपुर स्थित सिटी पैलेस आए। सिटी पैलेस स्थित शंभु निवास में दिवंगत अरविन्द सिंह मेवाड़ की शोक सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने श्री मेवाड़ की तस्वीर पर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए नमन किया। साथ ही उनके पुत्र लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ और अन्य परिवारजनों से मुलाकात कर संवेदनाएं प्रकट की। इस दौरान जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, सीएमओ से संयुक्त सचिव अरविन्द पोसवाल, जिला कलक्टर नमित मेहता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा सिटी पैलेस से प्रस्थान कर डबोक एयरपोर्ट आए तथा वहां से चित्तौडगढ़ के लिए प्रस्थान किया।

# नवरात्रा में प्रज्वलित होंगे 5100 अखंड दीपकः800 टीन तेल का होगा उपयोग, 120 फीट लंबी गुफा में सजेगा माता वैष्णो देवी का दरबार



**24 न्यूज़ अपडेट**

इस साल 30 मार्च से शुरू ग्रीष्म नवरात्रा व नव संवत्सर पर्व धर्मनगरी भीलवाड़ा के भक्तों के लिए खास होगा। पहली बार नवरात्र महोत्सव में संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज की पहल पर हरिशेवा धाम में महामंडलेश्वर हंसाराम महाराज के सानिध्य में भव्य आयोजन होने जा रहा है।

## 9 दिन तक जलाए जाएंगे 5100 अखंड दीपक

इसके तहत नवरात्रा में 9 दिन तक 5100 अखंड दीपक जलाए जाएंगे। इन दीपक को प्रज्वलित रखने में करीब 800 टीन तेल का उपयोग किया जायेगा । दीपक दर्शन के लिए 120 लंबी फिट गुफा में माता वैष्णो देवी का दरबार सजेगा। दीपक में भरने के लिए तेल के टीन हरिशेवा धाम पहुंच गए।

## भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की कामना

हरी सेवा धाम उदासीन आश्रम के महामंडलेश्वर हंसराम ने बताया कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की कामना को लेकर भीलवाड़ा में 5100 अखंड दीपक नवरात्रि में 9 दिन तक लगाए जाएंगे। नव संवत्सर उत्सव भी मनाया जाएगा । इस कामना से यह पहली बार भारत में हो रहा है कि 5100 दीपक अखंड जलाए जा रहे हैं। राष्ट्र में सुख शांति समृद्धि व नगर में सुख शांति समृद्धि के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।

इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि देश के प्रधानमंत्री जो लोकल प्रोडक्ट को बढ़ावा देते हैं हमने भी मिट्टी के दीपक लोकल तैयार करवाये हैं,दिए के लिए जो बाती बनेगी वो लच्छे से बनेगी और तेल भी भीलवाड़ा का वैदिक शुद्ध मूंगफली का काम में लिया जाएगा । हम लोग हर एक चीज को ध्यान में रखते हुए शुद्धता से और मुख्य जो हमारी कामना है कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है और हिंदू राष्ट्र जल्द ही भारत बनेगा।

## 25 पंडित करेंगे देखरेख

महंत बाबूगिरी महाराज ने बताया कि 25 पंडित रात-दिन जलते दीपक की देखरेख करेंगे। सभी भक्तगण नवरात्र में सुख-समृद्धि के लिए अपने नाम का दीपक जला सकते हैं। सर्व समाज के लोगों की तरफ से पूरे नवरात्र में 5100 अखंड दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। इसके लिए करीब 800 टीन मूंगफली के तेल की खपत होगी। दीपक रुई के बजाय लच्छे की बाती रखकर प्रज्वलित किए जाएंगे। देश-प्रदेश और भीलवाड़ावासियों की समृद्धि के लिए 21पंडितों द्वारा नौ दिन तक दुर्गा सप्तशती पाठ किए जाएंगे।

# वीआईपी मूवमेंट से जनता परेशान, प्रशासन की मनमानी, ना पूर्व सूचना ना रूट डायवर्जन

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर में आज वीआईपी मूवमेंट ने लोगों को परेशान कर दिया। शहर के कई मुख्य चौराहों और रास्तों को पुलिस जब चाहे वीआईपी को रास्ता देने के लिए रोक रही है। पुलिस का वाहन लोगों को माइक से हड़काते हुए रास्ते से हट जाने को कह रहा है। यह हालत पिछले एक हफ्ते से है। पुलिस और प्रशासन को आम आदमी के समय की कीमत की कोई परवाह नहीं है। उनको तो किसी भी तरह से लोगों को बीच रास्ते में रोक कर और गलियों को बंद करके वीआईपी के लिए जगह बनानी है। झीलों की नगरी में अब यह बहुत बड़ी मुसीबत बनती जा रही है। जन प्रतिनिधियों की बेरुखी की वजह से जिला प्रशासन इतना बेफिक्र हो गया है कि लोगों को यह बताना भी मुनासिब नहीं समझता कि कब कब और कहां-कहां पर रोड बंद रहेंगे। जनहित की रास्ता डाइवर्ट करने वाली सूचना जारी करना तो दूर की कौड़ी है। आज कई लोग अचानक चलते चलते ही गलियों में बंद कर दिए गए। वीआईपी मूवमेंट के बाद ही उन्हें आगे जाने दिया गया। लोगों ने गुस्सा जताते हुए कहा कि उनका वीआईपी से क्या लेना देना है। ये वीआईपी को भी सोचना चाहिए कि जिन्होंने वोट देकर उनको चुना है उसके समय की भी कोई कीमत है। यदि यह नहीं समझी जाती है तो वह भी समय आने पर समय की कीमत बता सकता है। शहर के जन प्रतिनिधि इस मामले में शायद इसलिए नहीं बोलते क्योंकि वे खुद इस खास कल्चर का मजा लूटते हुए नजर आते हैं। एक तो उदयपुर में ट्रैफिक वैसे ही बहुत बड़ी समस्या है। उस पर रोज रोज वीआईपी के लिए सड़कों का बंद करना अब लोगों में गुस्से का कारण बनता जा रहा है। जिला प्रशासन को चाहिए कि समय रहते इस व्यवस्था को सुधारें। सड़कों पर फर्राटे भरने वाले वीआईपी भी जनता की पीड़ा को समझें और चुपचाप आमजन की तरह आवागमन करें।

# बाल विवाह की रोकथाम को लेकर प्रशासन अलर्ट, ग्राम व तहसील स्तर पर कमेटियां गठित




**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 25 मार्च। आगामी अक्षय तृतीया 30 अप्रैल तथा पीपल पूर्णिमा 12 मई पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन अलर्ट है। जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता ने ग्राम व तहसील स्तर पर कमेटियां गठित करते हुए नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके अलावा अधिसूचना जारी कर जिले के सभी मुद्रकों को विवाह के निमंत्रण पत्रों पर वर-वधू की जन्मतिथि अंकित करने के लिए पाबंद किया है। बाल विवाह की सूचनाओं के त्वरित आदान प्रदान और अपेक्षित कार्यवाही के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट एव कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि अक्षय तृतीया व पीपल पूर्णिमा पर बाल विवाह होने की संभावना रहती है। बाल विवाह कानूनन अपराध होने के साथ ही एक सामाजिक बुराई भी है। कम आयु में विवाह होने से वर-वधू दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

## सतर्कता दल एवं समितियां गठित

जिले में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए जिले के प्रत्येक उपखण्ड क्षेत्र में संबंधित उपखण्ड अधिकारी, वृत्ताधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी को शामिल करते हुए सतर्कता दल गठित किए गए हैं। इसके अलावा ग्राम एवं तहसील स्तर पर समितियां बनाई हैं। ग्राम स्तरीय समिति में संबंधित ग्राम विकास अधिकारी, हल्का पटवारी, बीट कॉनिस्टेबल तथा आषा सहयोगिनी -आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को शामिल किया गया है। इसी प्रकार तहसील स्तरीय समिति में तहसीलदार, संबंधित विकास अधिकारी तथा थानाधिकारी को नियुक्त किया है। इसके अलावा जिला मजिस्ट्रेट श्री मेहता ने हर 9-10 ग्राम पंचायतों पर एक नियंत्रण अधिकारी भी नियुक्त किया है। ये अधिकारी संबंधित उपखण्ड अधिकारियों से समन्वय रखते हुए क्षेत्र में बाल विवाह की रोकथाम के लिए वांछित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

## 7 दिन पहले जन्मतिथि दस्तावेजों के साथ देनी होगी सामूहिक विवाह की सूचना

जिला मजिस्ट्रेट श्री मेहता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत अधिसूचना जारी की। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेषक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिले में मुद्रण कार्य से जुड़े सभी व्यक्तियों को विवाह निमंत्रण पत्र प्रकाषन से पूर्व वर-वधू के जन्मतिथि के दस्तावेज लेने, कार्ड में जन्मतिथि प्रकाषित करने तथा कार्ड की एक प्रति संबंधित उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के लिए पाबंद किया गया है।

इसी प्रकार सामूहिक विवाह समारोहों में आयोजकों को पंजीबद्ध वर-वधू की जन्मतिथि बाबत् रेकार्ड प्राप्त एवं संधारित करने तथा संग्रहित सभी सूचनाएं सामूहिक विवाह आयोजन से 7 दिन पहले संबंधित उपखण्ड अधिकारी को प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## कंट्रोल रूम स्थापित

जिला मजिस्ट्रेट ने बाल विवाह की रोकथाम को लेकर सूचनाओं के त्वरित आदान प्रदान के लिए जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। यह नियंत्रण कक्ष 26 मार्च से प्रारंभ होकर 15 मई तक 24 घंटे क्रियाशील रहेगा। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0294-2414620 है। इसके अलावा उपखण्ड मजिस्ट्रेट कार्यालय तथा पुलिस अधिकारी कार्यालयों व थानों में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा रहे हैं।

# आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा, 3 सटोरिए गिरफ्तारः 2.40 लाख कैश, 13 मोबाइल और 16 एटीएम कार्ड बरामद



**24 न्यूज़ अपडेट**

भीलवाड़ा. भीमगंज थाना पुलिस ने आईपीएल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी करते हुए तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 2 लाख 40 हजार रुपए नकद, 13 मोबाइल फोन, 16 एटीएम कार्ड और एक स्कूटी बरामद की गई है। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह के अनुसार, सोमवार शाम को गुप्त सूचना मिली कि तिलक नगर पॉलिटेक्निक कॉलेज क्षेत्र में कुछ युवक आईपीएल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा लगा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और तीन युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान योगेश धोबी, तरुण सोमानी (निवासी भवानी नगर) और वीरेंद्र सिंह (निवासी विजय सिंह पथिक नगर) के रूप में हुई है।

## ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और मास्टर आईडी का उपयोग

जांच में पता चला कि ये आरोपी अलग-अलग बैंक खातों के जरिए ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर रहे थे। पुलिस को इनके पास से 16 एटीएम कार्ड मिले, जिससे स्पष्ट होता है कि ये सट्टेबाजी में वित्तीय लेन-देन को छिपाने के लिए विभिन्न खातों का उपयोग कर रहे थे। इसके अलावा, आरोपियों ने उदयपुर निवासी अमित माली से मास्टर आईडी खरीद रखी थी। इस मास्टर आईडी के माध्यम से वे अन्य लोगों को सट्टा लगाने की सुविधा देते थे और इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे थे।

## पुलिस कर रही विस्तृत जांच

पुलिस अब आरोपियों से विस्तृत पूछताछ कर रही है ताकि इस सट्टेबाजी नेटवर्क के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा सके। पुलिस को संदेह है कि इस गिरोह के तार अन्य शहरों से भी जुड़े हो सकते हैं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।